भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 420
उत्तर देने की तारीख 30 नवम्बर, 2021
9 अग्रहायण, 1943 (शक)

मध्य प्रदेश में युवा कल्याण योजना

420. श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मध्य प्रदेश में युवाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास मध्य प्रदेश के छोटे-छोटे जिलों में खेल और युवा कल्याण के संबंध में कोई विशेष योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर चलाई जा रही युवा कल्याण योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) मध्य प्रदेश में युवा कल्याण के लिए जिला स्तर पर चलाई जा रही विशेष योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय मध्य प्रदेश और इसके छोटे जिलों सहित पूरे देश में युवा कार्यक्रमों और खेलों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार विभिन्न स्कीमों/ कार्यक्रमों को कार्यान्वित करता है :

युवा कार्यक्रम विभाग :

देश में युवाओं के विकास के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के युवा कार्यक्रम विभाग की तीन प्रमुख स्कीमें हैं अर्थात 1. राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) जिसमें (i) नेहरू युवा केन्द्र संगठन (ii) राष्ट्रीय युवा कोर, (iii) राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम, (iv) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, (v) युवा छात्रावास, (vi) स्काउटिंग और गाइडिंग संगठनों को सहायता, (vii) राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम नामक सात उप स्कीमें शामिल हैं । 2. राष्ट्रीय सेवा योजना

(एनएसएस) और 3. राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी) ।

खेल विभाग :

"खेल" राज्य का विषय होने के कारण, पर्याप्त धनराशि की संस्वीकृति, युवाओं और खेल कार्यकलापों में सुधार/ विकास के लिए कार्य नीतियां बनाने तथा युवा छात्रावासों और स्टेडियमों के निर्माण सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों का होता है । युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय खेल कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघों, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्रों में प्रशिक्षण, खेलो इंडिया स्कीम के तहत सहायता के माध्यम से तथा देश में युवा कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए अपने संगठन अर्थात नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) को वित्तीय सहायता प्रदान करके इस संबंध में उनके प्रयासों की पूर्ति करता है ।

(ग) और (घ): युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय अपने स्वायत्त निकाय नेहरू युवा केंद्र संगठन के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर काम करने वाले युवा क्लब/ महिला मंडल और स्वयंसेवकों के एक बड़े नेटवर्क के जरिए बहुविध कार्यकलापों को संचालित करता है । इन जिला युवा केंद्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रम युवा मंडल विकास, जागरूकता शिक्षा, क्षमता वृद्धि, खेल भावना, लोक कला और संस्कृति, कौशल उन्नयन तथा कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय एकता के लिए हैं । नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम अनुबंध में दिए गए हैं ।

*****

अनुबंध

'मध्य प्रदेश में युवा कल्याण योजना' के संबंध में श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल द्वारा दिनांक 30.11.2021 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 420 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

एनवाईकेएस युवाओं के कल्याण के लिए मध्य प्रदेश राज्य सहित अखिल भारतीय स्तर पर निम्नलिखित मुख्य कार्यक्रम और विशेष कार्यक्रम आयोजित करता है:

क. मुख्य कार्यक्रम :

1. आत्म निर्भर युवा भारत - स्किलिंग और हैंडहोल्डिंग

   क) युवाओं का उन्मुखीकरण
   ख) व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम और सुविधा अभियान
   ग) बुनियादी व्यवसायों में शिक्षा
   घ) डिजिटल फेलिसिटेशन - बैंक मित्रों का संवर्ग तैयार करना
   ड.) करियर मार्गदर्शन और करियर काउंसलिंग

2. कोविड-19 से जंग: जन जागृति और कार्य अभियान

3. आपदा जोखिम न्यूनीकरण और टीमों की स्थापना

4. यूथ लेड फिट इंडिया मूवमेंट, युवा कल्याण और सकारात्मक जीवन शैली

   क) स्वास्थ्य, सकारात्मक जीवन शैली और फिट भारत में युवाओं का प्रशिक्षण
   ख) युवा मंडलों को खेल सामग्री
   ग) ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता
   घ) जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं
   ड.) कला एवं संस्कृति का जिला स्तरीय प्रचार-प्रसार

5. क्लीन विलेज-ग्रीन विलेज पर युवाओं का प्रशिक्षण

6. जल जागरण अभियान हेतु युवाओं का प्रशिक्षण

7. युवा मंडल विकास कार्यक्रम - कार्य योजना का गठन

8. राष्ट्रीय महत्व के दिनों, राष्ट्रीय युवा दिवस और सप्ताह को मनाना

9. जिला युवा सम्मेलन

10. महात्मा गांधी की 150वीं जयंती का समारोह:
    क) स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान (स्वच्छता कार्य योजना)
    ख) स्वच्छता पखवाड़ा (1 से 15 अगस्त)

11. उत्कृष्ट युवा मंडलों को पुरस्कार

12. देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण पर भाषण प्रतियोगिता

ख. विभिन्न मंत्रालयों और एजेंसियों के सहयोग से परियोजनाएं

क) एमएचए के सहयोग से जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम ।
ख) जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से कैच द रेन प्रोजेक्ट ।

*****